**संगिनी द्वारा *भोपाल पुलिस विभाग के साथ किये गये कार्य का प्रगति प्रतिवेदन***

संगिनी


पंजीयन क्रमांक - 01/01/01/13542/04

# संगिनी महिला कल्याण समिति

सम्पर्क कार्यालय-ए/4, जय भवानी फेस-2, रोहित नगर, भोपाल

फोन : 0755-4926158 ई-मेल : Sanginicenter@rediffmail.com, Sanginicenter@gmail.com, Website : www.sangini.org.in


## अनुक्रमणिका

| सरल क्र. | कार्यक्रम |
| --- | --- |
| 1 | कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम |
| 2 | महिलाओं के बेकरी का कोर्स समापन कार्यक्रम |
| 3 | महिलाओं को करवाया गया थाना भ्रमण |
| 4 | शक्ति कैफे का किया गया उद्घाटन दिनांक-वार ( प्रथक रिपोर्ट सलग्न ) ..\Downloads\Shakti Cafe 17 April (1).docx |
| 5 | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला जागरूकता कार्यक्रम |
| 6 | महिला बाल विकास एवं संगनी संस्था की और से किया गया कार्यक्रम |
| 7 | संगिनी ,आयुक्त मुख्यालय, भोपाल पुलिस और 100 डायल के संयुक्त तत्वाधान कार्यशाला |
| 8 | जन संवाद कार्यक्रम |
| 9 | भोंरी में लगाई गई अपने हाथ से निर्मित उत्पादों की स्टॉल |
| 10 | लीगल वॉलेंटियर की एक दिन की कार्यशाला |
| 11 | सममुदाय के साथ एक दिवसीय कार्यशाला |
| 12 | हेंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम गोविन्दपुरा |

1 **<u>कुकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम</u>**

**27/12/2023** मध्य प्रदेश पुलिस के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग पहल के तहत, सामुदायिक सेवा एजेंसियों और भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से, घरेलू हिंसा के पीड़ितों को शक्ति कैफे स्थापित करने के लिए 1 लाख रुपये का ऋण दिया गया है। पुलिस उपायुत्क और एस. बी. आई. के मुख्य प्रबन्धक और संगिनी संस्था से प्रार्थाना मिश्रा जी शामिल रही हैं सहभागियों से अधिकतर महिलाओं को चिन्हित कर कुकिंग का प्रशिक्षण दिवालाया गया साथ हि बैंक लोन प्रक्रिया तथा अन्य दस्तावेजीकरण का सहयोग किया गया ।चूना भट्टी, टी टी नगर ,पिपलानी , महिलाओं द्वारा की गई जिसमे समस्त थाना अधिकारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।




**<u>2. महिलाओं के लिए बेकरी का कोर्स</u>**

17/01/24मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड परियोजना अंतर्गत पुलिस लाइन की महिलाओं के लिए तथा अन्य महिलाओं के लिए बेकरी का कोर्स कराया गया था जिसमें महिलाओं ने लगभग 1 महीने बेकरी आइटम बनाने सीखे और उन आइटम्स की प्रदर्शनी कमिश्नर कार्यालय में लगाई गई और सभी प्रतिभागियों को श्रुतकीर्ति सोमवंशी सर जी के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए इस पूरे कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट पर्यटन बोर्ड्स एम पी एच आई टी टी एस संगिनी की टीम शामिल रही







## 3 <u>महिलाओं को करवाया गया थाना भ्रमण</u>

- **दिनांक 3/2/20024** को शक्ति समिति वाली महिलाओं संगिनी संस्था के द्वारा से हबीबगंज थाने का विजिट कराया गया का जिसमें थाने से एस आई जी अंकित बघेल जी ने सभी शक्ति समिति सदस्य महिलाओं को थाने की प्रक्रिया बताई केस वर्क की भी जानकारी दी गई।



- **दिनांक 4/2/2024** को संगिनी संस्था के माध्यम से शाहपुरा थाने का विजिट कराया गया शक्ति समिति वाली महिलाओं का जिसमें टी आई सर के नेतृत्व में सभी जानकारी दी गई एवं ऊर्जा डेस्क की प्रक्रिया बताई गई




- **दिनांक 22/04/24** संगिनी द्वारा 12 नंबर, बाबा नगर, साई बाबा नगर, शाहपुरा समुदाय की महिलाओ को महिला थाना का विजिट कराया गया जहां पर रीडर उमासंकर, सितारा सेख, प्रियंका रेखा वर्मा, द्वारा थाने की कार्यवाही संबंधी प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी पारिवारिक मामले में परामर्श कैसे होता बताया गया ऊर्जा डेस्क की जानकारी दी केस पंजीयन से लेकर मुकदमा कायम होने तक की कार्यवाही के बारे में विस्तार से समझाया व थाना परिसर का विजिट भी करवाया समुदाय की महिलाओ द्वारा महिला थाने एवम अन्य थाना से जुड़े कुछ प्रकरण पर भी सवाल किए जिसका जवाब मौजुद थाना महिला पुलिस कर्मी एवं टी आई सर ने दियेमहिलायें थाने का विजिट कर बहूत खुश हुई |



4 **<u>शक्ति कैफे का किया गया उद्घाटन</u>**

दिनांक 16/02/24  रातीबढ़ पुलिस, निशातपुरा संगिनी, भोपाल पुलिस, और एस.बी.आई. बैंक के सहयोग से निर्मित शक्ति कैफे जिसमें कुकिंग प्रशिक्षण संगनी द्वारा ,1 लाख का लोन एस.बी.आई. बैंक द्वारा दिया गया हैं और पुलिस विभाग द्वारा स्थान महिलाओं को  दिया गया हैं ताकि घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ समाज में महिलायें स्वाभिमान से  अपना परिवार का चला पायें प्रयास किया जा है जिसके तहत भोपाल शहर में पुलिस थानों के सामने कैफे खोले गये हैं|

1. 16 फरवरी 24 को थाना निशातपुरा, रातीवड पुलिस थाना, टी टी नगर पुलिस थाना, अरेरा हिल्स पुलिस थाना, शक्ति नगर पुलिस थाना, अंतर्गत शक्ति स्टॉल का शुभारंभ किया गया
2. दिनांक 17/02/24 हबीबगंज पुलिस थाना, बाग सेवनिया पुलिस थाना अंतर्गत शक्ति स्टॉल का शुभारंभ किया गया|
3. दिनांक 18/02/24 बैरागढ़ पुलिस थाना अंतर्गत शक्ति स्टॉल का शुभारंभ किया गया |
4. दिनांक 20/2/24  थाना कोलार, शहापुर थाना अंतर्गत शक्ति स्टॉल का शुभारंभ किया गया जिसमें सुश्री अंजली रघुवंशी (उपयुक्त म.प्र.पुलिस), श्री आशुतोष जी (थाना प्रभारी), ऊर्जा प्रभारी संगीता काजले तथा थाने के अन्य पुलिस-कर्मी शामिल हुए। और संगिनी संस्था संचालक प्रार्थना मिश्रा जी शामिल रही।














VIOLENCE SURVIVORS WOMEN'S ENTERPRISES




[..\Downloads\Shakti Cafe 17 April (1).docx](..\Downloads\Shakti Cafe 17 April (1).docx)

शक्ति कैफे विस्तार प्रतिवेदन लिंक से देख सकतें है |

### 5 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर महिला जागरूकता कार्यक्रम

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगिनी द्वारा भोपाल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत , दिनांक 6/3/24 को पंचशील नगर में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया नगर निगम से पार्षद गिरिजा खटीक पुलिस विभाग से शाहिद सुल्तान जी अधिवक्ता ,मीनाक्षी गजबिए, संगिनी से प्रार्थना मिश्रा और टीम शामिल हुये|

- कार्यक्रम में ऊर्जा डेस्क की भूमिका ,शक्ति समूह ,सृजन कार्यक्रम की जानकारी दी गई
- अधिवक्ताओं द्वारा घरेलु हिंसा कानून की विस्तार में जानकारी दी गई|
- उपस्थित महिलाओं साथियों ने अपनी घरेलू हिंसा से जुड़ी समस्याएं व पुलिस प्रक्रिया में आने वाली अड़चनों को बताया|
- महिलाओं को परामर्श एवं विधिक सहयोग की अवश्यकता भी बताई यहां मौजूद महिलाओ को अब तक ऊर्जा डेस्क की जानकारी नहीं थी हमने उनको ऊर्जा डेस्क के नंबर और अन्य हेल्पलाइन नंबर बताए तथा भविष्य में 100 डायल विजिट की भी चर्चा की ।




**6 महिला बाल विकास एवं संगनी संस्था की और से किया गया कार्यक्रम**

दिनांक 5/03 /24 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविंद्र भवन में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में संगिनी द्वारा संचालित महिलाओं की ई-रिक्शा ट्रेनिंग में वरिष्ठ पुलिस सुश्री प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव जी द्वारा तथा भ्रमण किया गया



## 7.संगिनी ,आयुक्त मुख्यालय, भोपाल पुलिस और 100 डायल के संयुक्त तत्वाधान कार्यशाला

- दिनांक 13 मार्च 2024 को संगिनी ,आयुक्त मुख्यालय, भोपाल पुलिस, 100 डायल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 100 डायल परिसर में किया गया में भोपाल की 20 से अधिक बस्तियों की महिला और बालिकाओं भागीदारी रही थी ।
- कार्यशाला का प्रारंभ करते हुए 100 डायल एस.पी. बीना सिंह जी द्वारा डायल 100 की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया उन्होंने बताया कि इस सेवा में पुलिस आपके घर तक पहुंचती हैं आपातकालीन स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाती है ।

- लॉ-ऑफिस से मनीषा पटेल जी ने केस-स्टोरी के माध्यम बच्चो के साथ होने वाली यौनिक हिंसा पर जानकारी दी एवं पोक्सो एक्ट के बारे में विस्तार से बताया ।
- सुश्री नीतू ठाकुर (उपाधीक्षका म.प्र. पुलिस) ने महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा पर सामुदायिक निगरानी महिलाओं के जागरूक और आत्मनिर्भर होने के लिये तथा साथ ही युवाओं की इसमें भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया |









## <u>8 जन संवाद कार्यक्रम</u>

दिनांक 3/3/2024 चूनाभट्टी और अशोका गार्डन मेंजन-संवाद कार्यक्रम का सम्पन किया गया इसमें संगिनी से प्रार्थाना मिश्रा पुलिस विभाग से प्रज्ञारिचा श्रीवास्तव ए.डी.जी आदि ... लोगों की भागीदारी रही हैं कार्यक्रम में प्रमुख विषयों पर चर्चा की गई है|

महिला सुरक्षा के मुद्दे पर जन संवाद में कई महत्वपूर्ण चर्चाएँ की गयी साथ ही साथ , विशेष रूप से भोपाल के संदर्भ में। यहां कुछ प्रमुख बिंदु दिए गए हैं जिन पर चर्चा की गयी

1. वर्तमान सुरक्षा स्थिति: भोपाल में महिलाओं की सुरक्षा की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण। विभिन्न क्षेत्रों में अपराध दर और उनसे जुड़े कारक क्या हैं।

2. पुलिस और प्रशासन की भूमिका: महिला सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन द्वारा उठाए गए कदमों पर चर्चा। पुलिस पेट्रोलिंग, हेल्पलाइन नंबर, महिला थाना, और अन्य सुरक्षा उपायों की प्रभावशीलता पर विचार।

3. समुदाय की भूमिका: समुदाय द्वारा महिला सुरक्षा में योगदान कैसे किया जा सकता है। जागरूकता अभियानों, सामुदायिक निगरानी, और स्थानीय संगठनों की भूमिका पर चर्चा।

4. शिक्षा और जागरूकता: महिला सुरक्षा के संबंध में शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों में कार्यक्रमों की आवश्यकता। आत्मरक्षा प्रशिक्षण और कानूनी अधिकारों की जानकारी देने वाले कार्यशालाओं की बात।

5. सरकारी योजनाएँ और नीतियाँ: महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई योजनाओं और नीतियों पर चर्चा। इन योजनाओं की प्रभावशीलता और सुधार के सुझाव।

6.प्रवेश और सार्वजनिक स्थान: सार्वजनिक स्थानों जैसे पार्क, बस स्टैंड, और अन्य स्थानों पर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा। महिलाओं के लिए सुरक्षित और सुरक्षित आवागमन की सुविधा पर चर्चा।

7. तकनीकी समाधान: महिला सुरक्षा के लिए तकनीकी समाधानों जैसे मोबाइल एप्स, सीसीटीवी कैमरों, और जीपीएस ट्रैकिंग की संभावनाओं पर विचार।

8. कानूनी सहायता: महिलाओं के लिए कानूनी सहायता की उपलब्धता और उसकी प्रक्रिया पर चर्चा। कानूनों की जानकारी और न्याय प्राप्ति में आई कठिनाइयों पर विचार।

9. स्वास्थ्य और मानसिक समर्थन: महिलाओं के लिए स्वास्थ्य और मानसिक समर्थन सेवाओं की उपलब्धता पर चर्चा। यौन उत्पीड़न और घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए काउंसलिंग और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता।

10. सिविल सोसाइटी और एनजीओ का योगदान: महिला सुरक्षा के क्षेत्र में सिविल सोसाइटी और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) का योगदान और उनकी गतिविधियों पर चर्चा।

इस प्रकार की चर्चाएँ न केवल महिला सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर गहराई से विचार करने का अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि सामूहिक समाधान खोजने और उन्हें लागू करने में भी सहायक हो सकती हैं।






## 9.भोंरी में लगाई गई अपने हाथ से निर्मित उत्पादों की  स्टॉल

संगिनी व पुलिस के संयुक्त प्रयास से कुकिंग ,हेंडीक्राफ्ट, बैकरी समूह की महिलाओं को मार्केट स्किल सिखाने और अपने उत्पाद का सही दाम मिले सके इसके  बोहरी में  पुलिस  विभाग से जगह  दी गई  जन्हाँ पर महिलाओं ने दिनांक  21 से 23  मार्च 2024  तक  अपने  हाथ से निर्मित उत्पादन को मार्केट में बेचकर अच्छा मुना कमाया और बाजार की बारीकियों समझा गया |




## 10 .<u>लीगल वॉलेंटियर की एक दिन की कार्यशाला</u>

- दिनांक 29 /3/ 24 को संगिनी संस्था द्वारा अयोजित लीगल वॉलेंटियर की एक दिन की कार्यशाला का आयोजन किया गया कर्यक्रम में सहभागियों का स्वागत किया गया|
- थाना शाहपुरा से उपनिरीक्षक मोना जादौन ,आर तृप्ति सिंह द्वारा महिलाएँ एवं बच्चों को ऊर्जा डेस्क के उदेश्य , भूमिका बताया गया |
- पुलिस थाने की कार्य प्रणाली प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई|
- कार्यस्थल उत्पीडन,पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी गई |
- संगिनी से प्रार्थना मिश्रा जी द्वारा लीगल वॉलेंटियर कैसे समुदाय में महिलाओं की आत्मरक्षा और सुरक्षा को लेकर काम करेगें जानकारी दिया गया |










11.<u>सममुदाय के साथ एक दिवसीय कार्यशाला</u>

दिनांक 06.04.24 को थाना शाहपुरा से उपनिरीक्षक मोना जादौन महिला आरक्षक अरुंधति, थाना हबीबगंज से उप निरीक्षक कमल सर एवं ऊर्जा डेस्क की सहायिका , संगिनी संस्था प्रभारी प्रार्थना मिश्रा मैडम , आशा पाठक जी, अनीता रजक, के द्वारा आईकफ आश्रम में शक्ति समिति की महिलाओं की बैठक ली गई जिन्हे सामुदायिक पुलिसिंग के बारे में जानकारी दी गई एवं क्षेत्र में आस-पास हो रही आपराधिक घटनाओं के बारे में पुलिस को जानकारी देने के बारे में बताया गया एवं शक्ति समिति तक पहुंच रही आसपास के क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को पुलिस से साँझा करने के बारे में बताया गया ताकि समस्याओं का समाधान तुरंत किया जा सके |



## 12.हेंडीक्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम गोविन्दपुरा

गोविन्दपुरा पुलिस लाइन में महिलाओं को फेबरिक ,मोतियों की ज्वैलरी बनाने का प्रशिक्षण संगिनी संस्था के द्वारा करवाया गया| इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वारा महिलाओं ने हाथ के कंगन ,गले का हार, इयरिंग, हल्दी-मेंहदी सेट, अंगूठी, चूड़ी सेट, मोतियों के हार सेट आदी ज्वैलरी का प्रशिक्षण दिया गया यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरे एक

माह तक चला प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं के प्रशिक्षण कार्य मूल्यांकन करवाया गयामहिलाओं ने कार्यक्रम में अपनी रूचि, जोश और उत्सहा के साथ इस इस प्रशिक्षण कार्य को सफल बनाया हैं |





**शक्ति कैफे : घरेलू हिंसा सर्वाइवर बन रहीं आत्मनिर्भर**

**पहले दूसरों का करती थीं काम, अब अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में भी कर पा रही हैं मदद**

पल्लवी वाघेला • भोपाल
मो.नं. 9827229058

पीपुल्स समाचार संडे स्टोरी

घरेलू हिंसा सर्वाइवर अनीता को पहले पिता और भाई बोझ कहते थे और मारपीट करते थे। शादी के बाद वही व्यवहार पति का था। खर्च के लिए तरसना पड़ता था। परेशान होकर एक दिन अनीता ने दोनों बच्चों के साथ घर छोड़ दिया और अब पति से कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। इस बीच उनके जीवन में सुखद बदलाव आया और अब थाने में शक्ति कैफे चला रही हैं। अनिता की तरह 25 से ज्यादा महिलाएं शक्ति कैफे का हिस्सा हैं। राजधानी के 18 थानों और कमिश्नर ऑफिस में ये कैफे संचालित हैं। घरेलू हिंसा सर्वाइवर्स के लिए यह पुलिस कमिश्नरेट, संगिनी महिला कल्याण समिति और एसबीआई की संयुक्त पहल है। इसमें उन्हें प्रशिक्षण के साथ मुद्रा लोन भी दिलाया गया है।

अरेरा हिल्स थाने में शक्ति कैफे। इसे मीना भट्ट चलाती हैं।

**ऐसे है लाभदायक** : संगिनी की संचालक प्रार्थना मिश्रा बताती हैं कि घरेलू हिंसा सह रही महिलाएं खुद को लाचार महसूस करती हैं। ऐसे में जब वह इससे लड़ने की शक्ति जुटाती हैं तो आर्थिक आत्मनिर्भरता जरूरी हो जाती है। शक्ति कैफे चला रही महिलाएं थानों के ऑर्डर के साथ ही बाहर के ऑर्डर भी लेती हैं।

शक्ति कैफे महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने के साथ ही हिंसा रोकने योजना भी है। यह महिलाएं अन्य पीड़ित महिलाओं के लिए रोल मॉडल बन रही हैं।
– **डॉ. विनीत कपूर**, पीएसओ टू डीजीपी

कैफे अच्छा चल रहा है। मैंने अपनी मदद के लिए एक अन्य महिला को भी रखा है। मैंने अपने खर्च की खातिर शादी के बाद से दूसरों के यहां काम किया है। अब अच्छा लगता है यह सोचकर कि मैं किसी को काम देने वाली बन पा रही हूं। – **मीना भट्ट**,
शक्ति कैफे, अरेरा हिल्स थाना

हमारी कोशिश यह रहती है कि लोगों को अच्छा खाना थाना परिसर में दे सकें। इसी कोशिश में हूं कि काम इतना अच्छा हो जाए कि अपने बच्चों को बेहतर भविष्य दे सकूं।
– **पूजा मीणा**,
शक्ति कैफे, आनंद नगर थाना